डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | चैत्र कृष्ण पक्ष, 10- 2082 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

निकाय कर्मचारियों की मांगों पर सहमति

भोपाल। नगरीय निकायों के दैनिक वेतनभोगी और स्थायी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मध्यप्रदेश नगर निगम–नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अपर आयुक्त कैलाश बागलेकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में 1 सितंबर 2026 तक दो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमीकरण, विनियमित कार्मिकों को नियमित करने, पुरानी क्रिटिकली को कटौती रोकने, तेलंगाना पुनः शुरू करने और शहीद बढ़ाने जैसे मुद्दों पर सकारात्मक सहमति बनी।

परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन

भोपाल। शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किए जाने के विरोध में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टरों के माध्यम से दिया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, महामंत्री जितेंद्र सिंह और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश अग्रवाली ने कहा कि 3 मार्च 2026 को जारी पत्र के बाद करीब 3 लाख शिक्षकों में अराजकता और नाराजगी है। उनका कहना है कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर पात्रता परीक्षा लागू करना सेवा शर्तों के बाद में बदलाव है। संघ ने आदेश पर रोक और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटीशन की मांग की है।

छत से कूदकर भागे दो युवक पकड़े गए

भोपाल। कोलेजिया इलाके में एक में भागने की कोशिश नाकाम हो गई। सावन नगर, लालघाटी निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर रवि कुमार बरवाणी 10 मार्च की रात अपनी के साथ पर लोटे तो अलमारी खुलने की आवाज सुनाई दी। आवाज देने पर दो युवक छत से कूदकर भागने लगे। रवि और आसपास के लोगों ने आरके रोहन के पीछे दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम आमिर शेख और फरहान (लोकेश) बताए। पुलिस जांच कर रही है।

बुजुर्ग महिला से चेन स्नैचिंग

भोपाल। अयप्पुरी इलाके में पाइक स्कार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े 60 वर्षीय शारदा शर्मा के गले से सोने की चेन झपट ली। चेन की कीमत करीब 75 हजार रुपए बताई गई है। शारदा शर्मा बीएसएनएल से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। वह मार्केट से लौटते समय दी सेक्टर में सीढ़ी चढ़ रही थीं। तभी पीछे से आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

रेप में फंसाने की धमकी और ब्लैकमेलिंग में इल्ली गैंग के 6 सदस्य गिरफ्तार

भोपाल। जैन नगर, लालघाटी में पुलाई को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले गैंग के छह आरोपियों को कोलेजिक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवती के जरिए जाल बिछाकर पुलाई को कमरे पर बुलाया और नारदीप कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। बदमाशों ने ढाई लाख रुपए की मांग की और 50 हजार रुपए वसूल भी लिए।

पुलिस ने इस मामले में गैंग के सरगना आजाद नीलकंठ उर्फ भूरा हड्डी, रामजी ठाकुर, आकाश उपाध्याय, अभिषेक मीणा उर्फ बबलू, नीरज खानगे और अमित अहिरवाल को गिरफ्तार किया है। सभी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

कैबिनेट की बैठक | एलपीजी सहित अन्य ईंधन के परिवहन, भंडारण और वितरण पर विशेष

सीएम बोले–प्रदेश में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं, निर्बाध ,आपूर्तिश जारी रहेगी

कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश में घरेलू रसोई गैस, पाइपलाइन गैस और वाहन गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और नागरिकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से गंभीर लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे नागरिकों को रसोई गैस से पूरी कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में भू–राजनीतिक गतिविधियों के कारण पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब तक अधिकांश मध्य सेल की आपूर्ति स्टेट ऑफ हॉर्मुज के रास्ते होती थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में अन्य स्रोतों से भी मध्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। देश की रिफाइनरियां उत्पन्न क्षमता पर कार्य कर रही हैं और एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप एलपीजी उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक महत्वपूर्ण रणनीतिक उपाय के रूप में वे कि स्टेट ऑफ हॉर्मुज से गुजरने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों और टैंकरों को नहीं रोका जाएगा, जिससे पेट्रोलियम आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से समझौते की प्रक्रिया जारी है और घरेलू पाइपलाइन गैस तथा वाहन गैस की आपूर्ति बिना कटौती के जारी है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, अन्य तेल और घरेलू गैस की

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को दिए निर्देश

मुख्य सचिव ने बताया कि सभी जिलों में होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, रिहाइशी संस्थानों को सप्लाई चैन के संबंध का सीधा नहीं और इसमाल सूची के उपयोग के लिए प्रोत्साहन का रहा है। उन्होंने सभी जिलों में वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सिलेंडर रहते के पहलू पर भी ध्यान देने को कहा ताकि गैस बाहर न जाए।

किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा आपूर्ति लगातार जारी है। पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी में भी किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है। इस विषय की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समितियों की एक समिति का गठन भी किया गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मुख्यालय में बैठकों, समीक्षा के माध्यम से संबंधित अधिकारियों, जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर एलपीजी सहित अन्य ईंधन की उपलब्धता की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणे, प्रमुख सचिव हिमाशु कुमार, तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी उपस्थित थीं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि घरेलू गैस वितरण की अनियमितता अथवा की और कालाबाजारी की शिकायतों में भी किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए।

अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई,डीजीपी का अलर्ट

डीजीपी कैलाश मकवाणे ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए तथा पूरी व्यवस्था में नागरिकों को सुरक्षित किए जाए। अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने कहा कि प्रदेश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध

ट्रेन हादसे की मॉक ड्रिल,दरवाजे-छत काटकर यात्रियों को निकाला

सूखी सेवनिया के पास ट्रेन हादसा कोच एक–दूसरे पर चढ़े

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

सनग सुबह 11 बजे के करीब–सूखी सेवनिया रेलवे स्टेशन। रेलवे अफसरों को सूचना मिली कि यहां एक ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इसमें कई यात्रियों के घायल होने की सूचना है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत रेलवे कंट्रोल रूम को जानकारी दी और बचाव कार्य शुरू हो गया। दुर्घटना वाला ट्रेन के अंदर टीमें मौके पर पहुंचीं। कुछ ही मिनटों में रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गई और एनडीआरएफ के साथ जॉइंट बचाव ऑपरेशन शुरू किया। एंबुलेंस को भी बुलाया गया। यह एक ट्रेन के सोलह एक–दूसरे के ऊपर चढ़े हुए थे। बेहद बारीकी से। टीम ने खिड़कियों के शीशे तोड़े, दरवाजे–छत को गैस कटर से काटा और सीढ़ी के जरिए यात्रियों को बाहर निकाला। फिर एनडीआरएफ द्वारा राहत किया गया।

पुलिस फायर ब्रिगेड व 108 एंबुलेंस पहुंची

सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस, पुलिस, फायर ब्रिगेड, 108 एंबुलेंस मौके तथा स्थानीय अस्पतालों से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया गया बचाव टीमों ने सुरक्षित रूप से कार्य करते हुए घायलों को निकालने, प्राथमिक उपचार देने तथा उन्हें अस्पताल तक एंबुलेंस के माध्यम से उपचार पहुंचाया। कुछ देर ही गंभीर मुद्दाएं को भी रेलवे अस्पताल पर रेलवे स्टेशन पर रेफर भी किया। सूचना 11 बजे के बाद रेल हादसे की मॉक ड्रिल की गई, जिसमें रेल दुर्घटना की स्थिति बनाने पर एनडीआरएफ एवं मेडिकल टेम मौके की सुविधा तक टीमें बचाव एवं राहत कार्य में जुट गईं। मॉक ड्रिल मौके पर भी गई, जहां कोई हताहत हो गया हो। गंभीर रेल हादसा पोस्ट मॉक ड्रिल थी।

ऐसे यात्रियों को निकाला

इमरजेंसी गेट के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। बड़े–बुजुर्ग यात्रियों को गेट और बर्थ के जरिए भी निकाला गया। विशेष ध्यान दे बोगी के नीचे फंसे यात्रियों को एनडीआरएफ की टीमों ने सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेलवे मेडिकल टीम ने घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

सीएम की कृषि मंत्री शिवराज के साथ बैठक,सरसों की खरीदी के लिए भावांतर भुगतान योजना

खरीदी संबंधी मिला तुअर की शत–प्रतिशत स्वीकृति–पत्र

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सरसों की भावांतर योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह निर्णय नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की केंद्रीय मंत्री चौहान के साथ हुई बैठक में लिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर सरसों वर्ष में शामिल सहयोगी सहित अन्य किसानों का मध्यप्रदेश को बढ़ी राहत देने वाला निर्णय लिए गए। चौहान ने भावांतर भुगतान योजना के तहत संबंधित किसानों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरा कर करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुअर (अरहर) की प्रतिशत सरकारी खरीद का स्वीकृति–पत्र भी सौंपा। इस निर्णय से मध्य के तुअर उत्पादक किसानों को राहत का एवं सरकारी उपार्जन सुनिश्चित होगा, जिससे उन्हें बाजार में भाव गिरने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा और आय में स्थिरता आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री भावांतर योजना में किसानों के हितों की बेहतर सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि लोकमंगल जैसी फसलों के आच्छादन में केवल रीजनल बेस के बजाय ग्राम कटिंग और स्पॉट बेसिक सर्वेक्षण का उपयोग किया जाए, जिससे किसानों के वास्तविक नुकसान के आधार पर मुआवजा मिल सके।

---

4 बेटियों को बारी–बारी से कुए में फेंका, फिर मां ने लगा ली फांसी

डीआर संवाददाता॥ सागर

जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्यों के लिए खेत का कुआं काल बन गया। एक महिला ने पहले अपनी 4 मासूम बेटियों को कुए में फेंका और बाद में खुद भी पेड़ पर फंदा बनाकर झूल गई। किसी भी इस घटना को के बारे में सुना बहल उठा। सागर कैसली थाना क्षेत्र के टाडा चौकी के खमरिया गांव का है। पुलिस के अनुसार खमरिया निवासी 30 वर्षीय सविता लोधी ने पारिवारिक कलह से अपनी

चार बेटियों को कुए में फेंककर खुद ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बेटियों में सबसे बड़ी की उम्र 7 साल है और सबसे छोटी बेटी की उम्र 5 महीने की। सविता ने कथित रूप से पहले सबसे पहले मासूम4 बेटियों को बारी–बारी से कुए में फेंका, जब उसने देखा कि सभी डूब गई तो फिर खुद भी जान दे दी। ग्रामीणों ने जो कहानी सुनाई उसमें सविता का पति शंकरलाल लोधी ट्रक चलाता है और वह महीनों तक वह घर नहीं आता है। जिसकी वजह से महिला परेशान रहती थी। घरेलू कलह इतनी बढ़ी कि वह मानो जा चुकी है, फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गांव वालों की मदद से बच्चियों के शव निकलवाए। ग्रामीणों ने गोता लगाकर बच्चियों के शव को छोड़ कर बाहर निकाला। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची थी।

ज्यादा स्टॉक वाले जिलों से दूसरे जिलों में सप्लाई

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी की सुचारु रूप से वितरण हो रहा है। इनकी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है एवं लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त खाद्य कमीशनर कर्ण ने बताया है कि अधिकांश एलपीजी गैस उपयोग के लिए

वैकल्पिक संस्थान एवं विक्रेतासमीप संस्थान को छूट जारी, आपूर्ति व्यवस्था सुचारु, उपभोक्ता आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, कोई कमी नहीं, आयुक्त खाद्य ने दिए निर्देश

वैकल्पिक संस्थान एवं विक्रेतासमीप संस्थान को छूट दी गई है, जो जारी रहेगी, जिससे वैकल्पिक गतिविधि एवं विक्रेतासमीप व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रह सके। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए जिलों को निर्देश दिए गए हैं। एलपीजी के वैकल्पिक वाहनों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही ऐसी गतिविधियां, जिनमें एलपीजी का अनावश्यक उपयोग होता है, उन्हें नियंत्रित करने पर भी जोर दिया गया है।

सिलेंडर की किल्लत: एजेंसियों पर हंगामा, पुलिस बुलानी पड़ी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

शहर में रसोई गैस की किल्लत के कारण गुरुवार को कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक की स्थिति बन गई। हालात नियंत्रण पर चुके जाने पर पुलिस बुलानी पड़ी। किसी स्थित हंगेन की प्रदेश गैस एजेंसी पर सिलेंडर को वाहनों आने की खबर मिलते ही 200 से ज्यादा लोग पहुंच गए और एजेंसी घेरकर

नारेबाजी की। बाद में पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में सिलेंडर बांटे गए।

शहर की छह से ज्यादा एजेंसियों पर ऐसी स्थिति बनी। उपभोक्ताओं का कहना है कि 10वजे दिन भी भारत, एचपी और इंडेन के सिलेंडरों की बुकिंग फुल हो रही है। लोगों को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

डाक– बुकिंग हो चुकी है तो 2–3 दिन में पहुंचेगा सिलेंडर

तेल कंपनियों के अनुसार शहर में 2100 मैट्रिक टन से ज्यादा गैस है, जो पांच दिन की जरूरत के बराबर है। अधिकारी बोले–बुकिंग हो चुकी है तो 2–3 दिन में सिलेंडर घर पहुंचा दिया जाएगा।

बदलाव | आरएसएस में सांगठनिक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी, हरियाणा की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

आज से शुरू होगी हरियाणा में बैठक, 15 तक चलेगी में पानीपत के समालखा गांव

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में अब अलग–अलग प्रांत प्रचारकों की जगह एक राज्य प्रचारक का दायित्व होगा। क्षेत्र प्रचारकों की संख्या भी कम हो सकती है। जिला, तहसील, ब्लॉक और गांवों तक कार्यकर्ताओं को ज्यादा अधिकार दिए जाएंगे। यही प्रांत की जगह अब संभाग प्रचारक का दायित्व होगा, वे एक संभाग वाली कमिश्नरी के प्रचारक होंगे। ये विभाग प्रचारक और राज्य प्रचारक के बीच की इकाई होंगे। दरअसल, आरएसएस अपने सांगठनिक ढांचे में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस सांगठनिक ढांचे में प्रस्तावित बदलावों पर मुहर लग सकती है। बदलाव का प्रस्ताव हरियाणा में पानीपत के समालखा गांव में 13, 14 और 15 मार्च

फाइल फोटो

विभाग पहले राज्य नहीं प्रांतों में बंटे हैं

राष्ट्रीय सांगठनिक संघ के अंदर अब एक राज्य कोई इकाई नहीं थी। पहले राज्य नहीं प्रांतों में बंटे हैं। इनके प्रांत प्रचारक जमीनी और शीर्ष कार्यकर्ताओं के बीच कड़ी का काम करते थे। अब प्रांत की जगह एक राज्य प्रचारक होगा। इनके ऊपर क्षेत्र प्रचारक बने रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, अभी देशभर में 11 क्षेत्र हैं। इनमें 11 क्षेत्र प्रचारक हैं। नई व्यवस्था में क्षेत्रों की संख्या घटाकर 9 करने का प्रस्ताव है। जिहांबाद क्षेत्र प्रचारकों की संख्या भी घटेगी।

संभागों की संख्या और उनके पदाधिकारी बढ़ेंगे

राज्य व्यावस्थाओं की संख्या घटेगी, संभाग स्तर पर नए पदाधिकारी, प्रचारक नियुक्त होंगे। अभी जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव स्तर पर संघ कार्यकर्ता हैं, लेकिन उन्हें प्रांत स्तर के पदाधिकारियों के भरोसे रहना पड़ता था अब ये कार्यकर्ता संभाग प्रचारकों के संपर्क में रहेंगे। संघ भी इन कार्यकर्ताओं को ज्यादा शक्तियां देगा। अभी जिला स्तर पर कार्यकर्ता को कम दायित्व दिए जाएगा, इस पर भी चर्चा होगी। जिला स्तर तक प्रचारक होंगे या सहायक प्रचारक जैसा कोई दायित्व मिलेगा।

कृषि व्यापार समझौता रद्द करने की मांग,

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

नई दिल्लीमध्य प्रदेश में किसान संघर्ष समिति की 33वीं वार्षिक किसान पंचायत आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार की कृषि और विदेश नीतियों की कड़ी आलोचना की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीलम की अध्यक्षता में हुई बैठक में नेताओं ने कहा कि सरकार की नीतियां देश की संप्रभुता और किसानों की आय के लिए खतरा बन रही हैं।

पंचायत में भारत–अमरीका कृषि व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस समझौते के तहत भारत को 18 टैरिफ देना होगा, जबकि अमरीका के लिए यह शून्य रखा गया है, जो

एकतरफा और किसानों के हितों के खिलाफ है। साथ ही अमरीका द्वारा रूस से तेल खरीदने पर रोक जैसी शर्तों को देश की विदेश नीति में हस्तक्षेप बताया गया।

मध्य प्रदेश के किसान नेताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान गेहूं 2,700 और धान 2,500 प्रति क्विंटल खरीदने का वादा किया गया था, लेकिन अभी केवल 40 का बोनस दिया जा रहा है। सर्वर समस्या के कारण गेहूं खरीद के लिए किसानों का जो पंजीयन हो पाया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | चैत्र कृष्ण पक्षा, 10- 2082 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 जुलाई 2025

न्यूज गैलरी

राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा 13 मार्च को दोपहर 01:30 बजे आष्टा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 02 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए 13 मार्च को लगेगा शिविर

सीहोर। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीहोर जिला चिकित्सालय में 13 मार्च को महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी और दवाओं का वितरण किया जाएगा। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी महिलाओं से अपील की गई है कि वे शिविर में आएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं।

एमपी टास्क पोर्टल पर 15 मार्च से बंद हो जाएंगे आवेदन

सीहोर। शासन द्वारा अनुसूचित जाति की मेरिट एवं फ्रेश छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए एमपी टास्क पोर्टल को 15 मार्च 2025 से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए वे सभी पात्र विद्यार्थी जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाएं हैं वे 15 मार्च से पहले अपना आवेदन जमा कर दें।

अनेक कंपनियों द्वारा 1706 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को सीहोर के एक अभियंता राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे युवा संवाद रोजगार, स्वरोजगार एवं औद्योगिकीकरण मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को सम्मानित किया जाएगा और नये प्रकल्प तैयार किये जाएंगे। इसी प्रकार आई.टी.आई विभाग द्वारा औद्योगिकीय के लिये युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा लगभग 1706 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी प्रधानमंत्री 13 मार्च को अंतरित करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

जिले में मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव दिवस

सीहोर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च को जलगांव के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त किसानों के खाते में अंतरित करेंगे। इस अवसर पर पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

दिया जागरूकता संदेश

अमलाहा। विक्टोरिया कॉलेज बरखेड़ी ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया। मकसद आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।

महोत्सव मेला स्थल एवं मंदिर परिसर में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

सलकनपुर में आगामी चौत्र नवरात्रि पर मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के प्रसिद्ध सलकनपुर स्थित विजयासन देवी मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर बालागुरू के और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सुक्ला ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कहा गया कि 19 मार्च से शुरू होने वाले नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सलकनपुर पहुंचते हैं। इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर और मेला स्थल पर पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के आगमन और निकासी के लिए सुरक्षित व्यवस्था बनाई जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की तैनाती भी की जाए।

बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए। साथ ही मंदिर परिसर में संदेहास्पद गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए ताकि श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकें।

घरेलू गैस सिलेंडर पूरी तरह प्रतिबंधित

मेला स्थल और मंदिर परिसर में होटल, दुकान या अन्य प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी दुकान में व्यावसायिक पंजीयन रखने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मार्ग सुधार के निर्देश

नई श्रद्धालु बस्ती और अन्य स्थानों से पैदल सलकनपुर पहुंचते हैं। ऐसे में लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर मार्ग को सुगम बनाया जाए।

वन क्षेत्र में आवाजाही पर रोक

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को पहाड़ी और वन क्षेत्र में जाने से रोका जाए, ताकि जंगली जानवरों या दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। इसके लिए वन विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

हेल्थ कैंप और एंबुलेंस व्यवस्था

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप बनाए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर एम्बुलेंस उपलब्ध होंगी।

मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क और कंट्रोल रूम

बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाई जाएंगी और मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

पेयजल और अस्थायी शौचालय

श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने और प्रमुख स्थानों पर अस्थायी शौचालय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

आंवलीघाट का भी किया निरीक्षण

बैठक के बाद कलेक्टर और एसपी ने नर्मदा के आंवलीघाट का निरीक्षण किया। मुनादी अनाउंसमेंट पर भी सख्त रोक है ताकि श्रद्धालुओं के बीच अफवाह को देखते हुए घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती, बोटिंग रोक और पार्किंग की दुरुस्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

बिजली मीटर में फॉल्ट से किराना दुकान में आग, 15 लाख का सामान जला

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

सीहोर जिले के श्यामपुर थाना क्षेत्र में बीती रात एक किराना दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण बिजली मीटर में फॉल्ट बताया जा रहा है। इस घटना में आग बुझाने के दौरान दो लोग झुलस भी गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम हिंगोनी मोड़ पर स्थित ओमप्रकाश मीणा की गोपाल किराना दुकान में बुधवार रात करीब 2 बजे अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि बिजली मीटर में फॉल्ट होने के कारण चिंगारी उठी और देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखा राशन, किराना और अन्य सामान तेजी से जलने लगा। दुकान से एलपीजी गैस और लाखों रुपए की नकद राशि भी मौजूद थी। आसपास के घरों में सो रहे लोग जान बचाए और तुरंत बाहर निकलकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई।

घटना की सूचना मिलते ही राजगढ़ जिले की पौलोलेटी फैक्ट्री से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मचारी और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दुकान में रखा करीब 20 लाख रुपए का किराना सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। आग बुझाने के दौरान उत्तम मीणा और वर्षा मिश्रा गंभीर रूप से झुलस गए। इन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर श्यामपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली के मीटर में फॉल्ट माना जा रहा है।

आग का तांडव, गुड़भेला में डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल जली

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में गर्मी बढ़ते ही खेतों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गुरुवार को ग्राम गुड़भेला में वेलदाखल के पीछे स्थित खेत में भीषण आग लगने से करीब डेढ़ एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही समय में पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पानी छिड़क कर इसे काबू में लाने बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डाला और ट्रैक्टर की मदद से आग के फैलाव को रोकने की कोशिश की। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग पर काबू पाने में करीब एक घंटा लगा है। फिलहाल एक सप्ताह में सीहोर जिले में खेतों में आग लगने की आठ से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं।

एलपीजी वितरकों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

डीआर संवाददाता»सीहोर

कोरोना फ्री-एन्डेमिक स्थिति के मद्देनजर, आगामी हुई रुकावट को देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और वितरण बेहतर घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए।

इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से आष्टा एसडीएम श्री निशांत ठाले, आष्टा थाना प्रभारी तथा अनिल आपूर्ति अधिकारी द्वारा एजेंसी वितरकों के साथ बैठक आयोजित की गई और कार्यालय एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की कोई कालाबाजी और कालाबाजारी की स्थिति पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आष्टा के अनेक गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि अधिकांश कंपनी द्वारा अग्रगत कवाच ने कि वर्तमान में पिकिल्सहर एवं रोहिणी सब्सिडी के अतिरिक्त किसी और वाणिज्यिक एप्लीकेशनों जैसे होटल, मोटल, वेल्फेयरजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र फैक्ट्री आदि को कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं पर आकलन भी किया जा रहा है जिससे कि सुचारू रूप से गैस की आपूर्ति की जा सके।

बालिका सुरक्षा जागरूकता विषय पर प्राचार्यों एवं महिला शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला

डीआर संवाददाता»सीहोर

महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला विभाग द्वारा सीहोर जिला पंचायत सभाकक्ष में बालिका सुरक्षा जागरूकता विषय पर सीहोर जिले के सभी स्कूल प्राचार्य, वरिष्ठ महिला शिक्षकों और मास्टर ट्रेनर्स की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कार्यान्वित की गई।

कार्यशाला में सीएमएचओ अभिनंदना शर्मा ने बताया कि बच्चों को जागरूक करने के लिए उन्हें साइबर क्राइम और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से आगाह कराना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बच्चों से इस प्रकार का व्यवहार रखना चाहिए कि यदि उनके साथ कुछ गलत हुआ है तो अपने माता-पिता या शिक्षक को आसानी से बता सकें।

इस दौरान जिला मेडिकल सहायता अधिकारी श्री जीशान खान ने विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीवास्तव ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में तिलक दास पैनारी ने बच्चों को साइबर सिक्योरिटी से सुरक्षा के बारे में दिये जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में संभागीय संयुक्त संचालक मनीषा धुरेती, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सहायक संचालक दुर्गेश किलनेरे सहित स्कूलों के प्राचार्य एवं महिला शिक्षक उपस्थित थे।

टंकी भरने के बाद टेस्टिंग आज, गंज क्षेत्र में होगी जल सप्लाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

गंज में बनी नई पानी की टंकी के लिए डाली गई 8 इंच की लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने के लिए गुरुवार सुबह 10 बजे वाल्वेस बंद की गई। लाइन खाली करने के लिए नाले के पास लगे वाल्व को खोला गया। यहां से 4 घंटे तक पानी कच्चाने की तरह निकलता रहा। करीब 1 लाख लीटर पानी बहकर नाले में चला गया। इसके बाद लाइन खाली हो सकी। कंटेक्टर का काम शुरू हुआ। रात तक काम चलता रहा। गंज क्षेत्र की नई टंकी भरने के लिए गंज से हुगर मिल चौराहा तक करीब 2 किमी लंबी पाइप लाइन डाली गई है। इस लाइन का कनेक्शन कंटिली से जो रही मुख्य सप्लाई लाइन से होना था। इसके लिए कंटिली बंधान की सप्लाई बंद करना जरूरी था। नगर पालिका के अमले ने गुरुवार सुबह 10 बजे सप्लाई बंद की।

सुबह से कंटिली बंधान की सप्लाई बंद की गई थी

गंज में 15 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी को शुक्रवार से भरना शुरू किया जाएगा। टंकी भरने के बाद टेस्टिंग होगी। एक सुबह बाद वहां गंज क्षेत्र में इसी टंकी से पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी। नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोरी ने बताया कि लाइन खाली करने के लिए गुरुवार सुबह से कंटिली बंधान की सप्लाई बंद की गई थी। कनेक्शन होने के बाद सप्लाई फिर शुरू कर दी जाएगी।

लोक अदालत नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को, जिले में कुल 24 खण्डपीठगठित

नेशनल लोक अदालत में विद्युत, बैंक व जलकर के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में भारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को देशभर के साथ ही सीहोर जिले में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तैयारियों की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वाती सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि कोर्टवार में नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक राजीनामा प्रकरण, धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम, चेक प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बन्धी व अन्य सिविल प्रकरण सहित लगभग 2030 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विद्युत अधिनियम बैंक रिकवरी, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग से संबंधित लगभग 14600 प्रीलिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे गए हैं, जिनकी संख्या लोक अदालत दिनांक को बढ़ने संभावित है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सीहोर में 09, आष्टा में 05, गैरतगंज में 06, बुदनी में 03, इछावर में 01 एवं उपभोक्ता फोरम में 01, इस प्रकार कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में एम कहर प्रदेश शासन नवरीन मिश्रा एवं आबाद विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जलकर एवं संपत्ति कर अधिनियम में नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष छूट के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही बैंक से प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में भी न्यायानुसार छूट प्रदान की जावेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पक्षकारों से लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण समझौता एवं सहमति के आधार पर कराने और लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की गई है।

यंग स्टार भोपाल को हराया

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के बीएसएई मैदान पर नगर रोड स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मुकाबले खेले गए। इसमें पहला मुकाबला इंदौर ने यंग स्टार भोपाल को 88 रन से हराया। वहीं एक अन्य रोमांचक मैच भोपाल क्रिकेट अकादमी और मयंक चतुर्वेदी अकादमी के मध्य खेला गया था। जिसमें भोपाल क्रिकेट टीम ने दो रन से शानदार जीत दर्ज की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अंशुल त्रिवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच इंदौर और भोपाल के मध्य खेला गया था, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 216 रन बनाए थे। इसमें नमन ने 21 रन, अगस्त ने 35 रन, तनमय ने 51 गेंद पर शानदार विस्फोटक 102 रन और कृष्णा ने 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग स्टार भोपाल की टीम 19.1 ओवर में 128 रन ही बना सकी। इस प्रकार इंदौर की टीम 88 रन से जीती। इसके अलावा दूसरा मैच काफी रोमांचक रहा। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल क्रिकेट अकादमी टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 180 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | चैत्र कृष्ण पक्ष, 10- 2082 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान 14 को दौरे पर आएंगे

सीहोर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 मार्च को दोपहर 12 बजे सीहोर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। वह वहां पर आयोजित किसान सभा में शामिल होंगे। इसके बाद वह शाम 4.30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक का उपयोग कम करें

सीहोर। 12 मार्च 2026 कृषि किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल में कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवाओं का कम उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तीसरी फसल के रूप में मूंग की खेती से किसानों की आय बढ़ी है, लेकिन अधिक दवाओं के उपयोग से इनके अवशेष फसल में रह जाते हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

सीहोर। 12 मार्च 2026 कृ राज्य शासन ने प्रदेश की सभी शहरी बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को किराए में 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश जारी किए हैं। यह छूट यूनीफाईडी कार्ड दिखाने पर मिलेगी। परिवहन आयुक्त ने सभी क्षेत्रीय व जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दिव्यांगजन को इस सुविधा का लाभ दिया जाए। यूनीफाईडी कार्ड के माध्यम से दिव्यांगजन विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

सरसों पंजीयन के सत्यापन में सावधानी रखने के निर्देश

सीहोर। शासन ने भावांतर भुगतान योजना में सरसों फसल के किसान पंजीयन के सत्यापन को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं। जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरसों पंजीयन के लिए निर्धारित मानकों से पालन किया जाए, ताकि किसान पंजीयन से छूटे नहीं।

गेहूं खरीदी व्यवस्था की निगरानी के लिए बनी समिति

सीहोर। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी व्यवस्था की निगरानी एवं समीक्षा और कार्यदायी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मंडी–मंडल समिति गठित की गई है। समिति में मंडी अरुण सिंह वर्मा, उदय प्रताप सिंह, एदल सिंह कंषाना, गोविंद राजपूत और सत्यम पटेल सदस्य मनोनीत किए गए हैं।

मानक कीटनाशक को किया जिले में प्रतिबंधित

सीहोर। गुजरात की एक्सीरिया एग्रो केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बनाए गए कीटनाशक को जिले में प्रतिबंधित कर दिया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इस कंपनी द्वारा निर्मित कीटनाशक का नमूना लिया है।

चार्जिंग अधोसंरचना विकास के लिए 30 का अनुदान

सीहोर। इन्फ्रोसंरचना विकास की दिशा में प्रदेश को इलेक्ट्रिक वाहनों हब के रूप में स्थापित करने सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन अथवा चार्जरों की स्थापना पर समान 30 प्रतिशत तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है।

मिलावट क्षेत्र के गांव डोडी में नकली घी की फैक्ट्री चलाने के मामले में

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के कार्यपालन अधिकारी ने पुलिस को मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है

डीआरसंवाददाता»आष्टा,जावर

जावर थाना क्षेत्र के गांव डोडी में नकली घी की फैक्ट्री चलाने के मामले में 18 दिन बाद नया अपडेट आया है। खाद्य विभाग अब तक नहीं जागा। जिस सांची ब्रांड को बदनाम किया गया, उसे लेकर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के कार्यपालन अधिकारी ने पुलिस को मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। इधर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मामले से बचने के लिए मीडिया के फोन भी रिसीव नहीं कर रहे हैं। खाद्य विभाग की निष्क्रियता से आष्टा विकासखंड में खाद्य वस्तुओं की लगातार नगमानी हो रही है। – बुद्धिजीवी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

23 फरवरी को डोडी गांव में खाद्य विभाग, राजस्व विभाग की टीम ने मिलावट नकली घी बनाने वाली गांधी फैक्ट्री पर छापा डाला था। मौके से 792 किलो घी जब्त किया गया था। फैक्ट्री संचालक नकली घी को सांची ब्रांड के नाम से पूरे जिले के बाजार में कम कीमत पर बेच रहा था।

जिले में छपा चुका नकली घी

जावर पुलिस के अनुसार नकली घी बनाने वाले ने खाद्य सीमा–चार्जर फैक्ट्री चलाने से किया था। तब से अब तक उसने बिना पंजीयन के नकली घी बनाया है। उस जावर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के कार्यपालन अधिकारी द्वारा थाना जावर को 23 दिसम्बर कार्रवाई के लिए लिखा गया है। इधर खाद्य विभाग की अधिकारी सांची सहकारी से इस मामले में सहयोग का प्रस्ताव लेकर गए तो उन्होंने कोई लिखित नहीं लिया।

अधिकारियों को मामले से अवगत कराया है

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ अधिकारी द्वारा नकली घी बनाने वाले खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। उस समय द्वारा मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अधिकारियों से मिलने के बावजूद सभी कागजों पर लिखित कार्य के साथ ही संबंधित अधिकारियों से भी सहयोग की मांग की गई है। अब नकली घी बनाने वाले के खिलाफ भोपाल दूध संघ के कार्य मुख्य आरोपी के खिलाफ लिए उचित लिए जाएंगे।

जेपी पांडे, कार्य कार्यपालन, जावर

किराए के मकान में चल रही थी फैक्ट्री, खाद्य विभाग ने कोई पत्राचार नहीं किया

खाद्य विभाग की खाद्य निरीक्षक कोई कार्यवाही नकली घी बना होने के बाद केवल सांची के लिए भेजा था। जिसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। उसके बाद भी खाद्य निरीक्षक भी अपनी उच्च स्तरीय रिपोर्ट पूरा कर

दिन सीहोर के खाद्य घी न हो जाने से पत्राचार किया और न ही लाभ रिपोर्ट भेजी गई, इस बारे में अभी कार्रवाई नहीं कर सकी है। उसे संबंधित को भी अपने स्तर के लिए पूरा भेजा दिया गया है। जानकारी के अनुसार उसने

भोपाल सहा 20 किलो डोडी गांव में कार्यपालन के बीच तार्रे में कार्यवाही किया जाए जिस पर भेजा गया है। इसी कारण में नकली घी बनाने का फोकस बना किया था वह था। मकान सील होना गया है।

कार्रवाई के बाद मकान सील कर दिया गया। नकली घी बेचने वाले

बाला कल्याणपुरा निवासी गौरव पर्वे तभी से फरार है। 18 दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद खाद्य विभाग ने पुलिस से कार्रवाई के लिए कोई पत्राचार नहीं किया। विभाग ने नकली घी के सैंपल लेकर भेज दिये हैं।

रिपोर्ट अब तक नहीं आई। नियम के अनुसार 15 दिनों में लैब रिपोर्ट आनी चाहिए। इस मामले को भांपकर कई बार अनुपस्था से एला चुका है।

फायदे बताने गए बिजली कर्मचारियों को मिली गालियां और धमकी कैश

डीआर संवाददाता»खेटी

मध्य प्रदेश शासन की बिजली बिल सामाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को राहत देने निकली बिजली विभाग की टीम को अपहृता का सामना करना पड़ा।

मामला खेटी थाना क्षेत्र के ग्राम बीबया का है। यहां बकायादार उपभोक्ता के प्रतिनिधि ने शासकीय काम में बाधा डाली। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारियों को गाली दी। काम से भगाने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अलग–अलग धाराओं में केस दर्ज किया है।

कलेक्ट कार्यालय के आदेश पर ग्राम बीबया में सामाधान योजना के क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाया गया था। विद्युत केंद्र खेटी के अतिरिक्त इंजीनियर एनडी उइके,

साइनमैन, वोयल परते, चार अन्य कर्मचारी बकायादार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ समझाने पहुंचे थे। टीम उपभोक्ता दुर्गा प्रसाद गौर के परिवार में पहुंची।

टीम ने बताया कि पिछले 5 साल से 27 हजार 269 रुपए का बिजली बिल बकाया है। योजना के तहत राशि जमा कर लाभ लिया जा सकता है। आरोप है कि वहां मौजूद उपभोक्ता प्रतिनिधि पवन गौर भड़क गया। पवन गौर ने कर्मचारियों को देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। असिस्टेंट इंजीनियर एनडी उइके ने बताया कि ग्राम बीबया में सामाधान योजना के तहत शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही थी। बकाया राशि जमा करने के लिए भी कहा जा रहा था।

इसी दौरान पवन गौर ने अपने के साथ गाली–गलौज की। जान से मारने की धमकी दी। खेटी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कृषि एवं पशु सखियों को किया सम्मानित

डीआर संवाददाता»सीहोर

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीहोर में आईटीसी मिशन सुनहरा कल, सीफ, एनआईएलएम एवं प्रज्ञा एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सर्जना बाजपेयी आईटीसी द्वारा सीहोर जिले में संचालित बहुउद्देशीय सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी ली और कृषि एवं पशु सखियों को उपहार

प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौकाल कृषि एवं सामाजिक अंतर्क उपाध्याय, एनआईएलएम के डीपीएम विनोद वर्मा, मास्टर ट्रेनर उत्तेश पटेल, नितेश पाटकर सहित कृषि सखियां एवं पशुसखी उपस्थित थे।

निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सूचना देना अनिवार्य

सीहोर। कलेक्टर ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी भवन या अन्य निर्माण कार्य को शुरू करने से कम से कम 30 दिन पहले संबंधित निरीक्षक को इसकी सूचना देना अनिवार्य है। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के तहत निर्माण स्थल का पंजीयन और श्रमिकों से संबंधित जानकारी देना जरूरी है। सूचना नहीं देने पर तीन माह तक का कारावास या दो हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

छात्रावासों में इस बार ऑनलाइन होंगे प्रवेश, सीहोर जिले में 1696 सीटें खाली

डीआर संवाददाता»सीहोर

शासकीय छात्रावासों में 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया इस बार पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने एकलव्य मॉडल 30 पर ई–सीसीएल प्रबंधन प्रणाली लॉकडाउन की है। सीहोर जिले के 97 छात्रावासों में करीब 1696 सीटें खाली हैं। कक्षा छठी और अन्य कक्षाओं की खाली सीटों के लिए पहले चरण में 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

पहले चरण के बाद सीटें खाली रहीं तो दूसरा चरण शुरू होगा। यह 8 अप्रैल से 10 जून तक चलेगा। वन अवस्था कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के टाइप 1, टाइप 3, नेताजी सुभाष बोस

किस विभाग के छात्रावास में कितनी सीटें खाली

जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग के 80 छात्रावास हैं। इनमें करीब 1300 सीटें खाली हैं। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा विभाग के कक्षा 9 से 12 तक के 3 छात्रावास हैं। जिला शिक्षा विभाग के 4 छात्रावास हैं। इनमें करीब 200 सीटें खाली हैं। इसके अलावा 12 छात्रावास हैं। इनमें 190 सीटें खाली होंगी। कुल मिलाकर 1696 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

शासकीय छात्रावासों के प्रवेश और प्रवेश के लिए चयन गई है। प्रवेश के लिए अभिभावक विद्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन हमारी ऑनलाइन शिक्षण केंद्र

कक्षा के अनुसार

अलग–अलग हैं छात्रावास

कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावासों में प्रवेश दिया जाता है। वे छात्रावास शाला अग्रवेशी, शाला स्वामी बालकों के लिए हैं। कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाइप–1 और नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में प्रवेश मिलता है। कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाइप–3 में पाता है।

कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

डीआर संवाददाता»सीहोर

श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के सभी पापों को नष्ट कर मोक्ष प्रदान करता है–महंत उदय दास महाराज

सीहोर। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के सभी पापों को नष्ट कर मोक्ष प्रदान करता है, ये बात वेदांत सुस्पष्ट पर्याप्त है। उन्होंने कहा दिया कि भगवत के आदर्शों को अपनाकर जीवन को धर्म और सदाचार के मार्ग पर ले जाना चाहिए, जिससे लोक–परलोक सफल हो। उक्त विचार सहर

की महिला घाट रामेश्वर महादेव सती मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन महंत उदय दास महाराज ने कही।

जानकारी के अनुसार जायसवाल परिवार के अविनाश प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी पालकान तथपालन में हजार के महिला घाट रामेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री लालजी महाराज के शिष्य महंत उदय दास महाराज जी मुखारविन्द द्वारा किया जा रहा है। कथा के पहले दिन शोभायात्रा में आस्था और उल्लास के साथ कलश यात्रा निकाली गई। वहीं दो बजे से कथा का शुभारम्भ किया गया। पहले दिन महाराज उद्धव दास ने भागवत का अर्थ है भाव में रत होना। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जिसका नाम में रत होता है, भगवान उसे वैसे ही परिणाम देते हैं। जो व्यक्ति ईश्वर की भक्ति में लीन रहता है, उसे सुखद परिणाम मिलते हैं। भागवत कथा को अमृत माना जाता है। जो व्यक्ति भागवत कथा सुनता है, वह अमृत पान कर रहा होता है। उसके अनुसार कथा सुनने से शरीर भले ही अमर न हो, लेकिन उसका उपयश अमर हो जाती है। उन्होंने सभी को परोपकारी बनने और एक–दूसरे की मदद के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।

हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग शिविर

डीआर संवाददाता»सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीहोर जिला जेल में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जेल के सभी कैदियों की हेपेटाइटिस, एचआईवी, सिफलिस और टीबी की जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान एनिमेमियोलॉजिस्ट डॉ रुचिता उइके सहित स्टॉफ उपस्थित था।

ई–टेंडर कम ऑक्शन की कार्यवाही का तृतीय चरण

सीहोर। नवीन आबकारी नीति 2026–27 के तहत जिले के शेष 6 समूहों में शामिल 19 परंपरागत मदिरा दुकानों के निपटान के लिए ई–टेंडर एवं ई–टेंडर कम ऑक्शन की तृतीय चरण की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि वह कार्यवाही सीहोर कलेक्ट्रेट में होगी। ई–टेंडर के लिए ऑनलाइन मास्टर सेल्फ्लीज व ऑफर सबमिट करने की तिथि 12 मार्च दोपहर 1 बजे से 14 मार्च शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है।

समाज सेवा बेटी के विवाह में सेवा भारती व शुभम स्कूल परिवार ने दिया सहयोग

घरेलू सामग्री भेंटकर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी बेटी को दिया सुखद

डीआर संवाददाता»सीहोर

सेवा भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सेवा भारती भैरूंदा परिवार एवं शुभम स्कूल परिवार द्वारा नगर की एक जरूरतमंद बेटी के विवाह के शुभ अवसर पर उपहार स्वरूप आवश्यक घरेलू सामग्री भेंट कर सराहनीय पहल की गई। इस सहयोग का उद्देश्य बेटी के नए जीवन की सुखद शुरुआत सुनिश्चित करना और उसे आत्मसम्मान के साथ सशक्त बिदा करना रहा।

भारतीय संस्कृति में बेटी को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। ऐसे में जब समाज के लोग मिलकर किसी जरूरतमंद बेटी के विवाह में सहयोग करते हैं

तो यह केवल सहायता नहीं रहती, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार और सर्वोदय की भावना को भी मजबूत करती है। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से कई परिवारों की बेटियों के जीवन में खुशियों के दीप जलाए जा सकते हैं।

ऐसी पहलें समाज के सकारात्मक दिशा देने के साथ ही आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देती हैं।

कार्यक्रम में माननीय खंड शिक्षा अधिकारी बृजमोहन सौदा, जिला संयोजक नीरज त्रिपाठी, जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, सेवा भारती नगर अध्यक्ष रिजेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण मालवीय, वसंत अग्रवाल सहित सेवा भारती परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं शुभम स्कूल परिवार से प्रिंसिपल नीरी जादौन सहित अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता करते हुए बेटी को आशीर्वाद दिया और उसके सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

विश्व किडनी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर

विश्व किडनी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को किडनी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और किडनी से संबंधित बीमारियों की समय पर पहचान के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही मरीजों को अपने परिवार और समाज को सक्रिय में जागरूक करने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरुणेश सिंघल, डॉ. हरिओम गुप्ता तथा श्रीमती रीना पाटीदार सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | चैत्र कृष्ण पक्ष 10, 2082 | विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 13 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

बालिका सुरक्षा को लेकर कानूनों की जानकारी दी

विदिशा। लोक शिक्षण संचालनालय और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में बालिका सुरक्षा को लेकर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी गई। बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े कानून बताए गए।

खुदी सड़कों, कचरा शुल्क के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

विदिशा। शहर में खुदी सड़कों से लोग और व्यापारी परेशान हैं। पूरे शहर के मोहल्ले गंदगी की भेंट में हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल रघुवंशी ने कहा कि नगरपालिका के इस जन विरोधी निर्णय के विरोध में कांग्रेस 18 मार्च को विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। इसके लिए पार्क-चार जनता से संपर्क किया जाएगा। लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

टीईटी परीक्षा अनिवार्य के विरोध में आज देंगे ज्ञापन

विदिशा। सुप्रीम कोर्ट के टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने के आदेश के विरोध में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ज्ञापन देगा। संघ जिला विदिशा में शिक्षक संवर्ग के हित संरक्षण के लिए कलेक्टर से माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। जिला प्रवक्ता अतुल श्रीवास्तव शाम 4 बजे विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित होने की अपील की है।

015-16 मार्च को भाजपा प्रशिक्षण लगेगा

विदिशा। अंतर्गत भाजपा कुरवाई के सभी उपाध्यक्ष प्रशिक्षण महाअभियान मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में गुरुवार को कुरवाई विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के ठहरने, भोजन, पेयजल, मंच व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक-आवश्यक दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विनोद जैन एवं संगठन अध्यक्ष सोहेल बड़ी संख्या में व्यवस्था टोली के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं की सहभागिता अपेक्षित है।

सर ! अस्पताल से पत्नी गायब है, ढूंढ दीजिए

विदिशा। होलगी की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी समाधान के लिए मुख्यमंत्री को पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर हुआ। शहर के कोतवाली में 7 सीएम हेल्पलाइन शिकायतें पहुंचीं। इनमें एक सेवक गागला भी सामने आया।

पति ने गुम हुई पत्नी को लेकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत 16 सितंबर की है। अधिकारी ने बताया कि वह पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया था। वह दवाई लेने के लिए लाइन में लगा। इसी दौरान पत्नी गुम हो गई। उसने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पत्नी नहीं मिली। इसके बाद उसने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस अब पत्नी का पता लगाने में जुटी है।

एफबीएफ की राशि रुकी है

विदिशा। सेवा निवृत्त एएसआई समसेवक वर्मा 70 भी पहुंचे। वह पीठ से आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी एफबीएफ की राशि रुकी है। शिविर के लिए बुलाया गया।

शहर के बायपास पर चल रहे निर्माण कार्य में बाधा बने अतिक्रमण को हटाया

हाईवे पर एसडीएम ने व वनविभाग ने वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

डीआर संवाददाता ✍ रामराम

नेशनल हाईवे द्वारा भोपाल सागर हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत सिर्मापुर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के साथ जल निकासी के लिए नाली निर्माण की योजना है। कार्यवाई के दौरान प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और हाईवे किनारे बने कुछ निर्माणों को हटाने की कार्यवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में पहले से बने कुछ निर्माण कार्य हाईवे की जमीन में आ रहे थे। जिनके लिए एनएचएआई द्वारा संबंधित लोगों को सूचनाएं भी दिया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिर्फ़ जमीन का मुआवजा मिला था, उसने हिस्से में बने निर्माण को वे पहले ही तोड़ चुके हैं। उनका आरोप है कि अब प्रशासन अतिरिक्त जमीन पर बने निर्माण को भी हटाने की कोशिश कर रहा है, जिसका मुआवजा उन्हें नहीं दिया गया है। कार्यवाई के दौरान एसडीएम विदिशा शर्मा खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सेक्टर की दो बार मापती कराई जा चुकी है और जिस जमीन का मुआवजा दिया गया है उसी के अनुसार निर्माण हटाने की कार्यवाई की जा रही है।

इस संबंधित शनिवार अंतर्गत वन भूमि पर स्थित अधिकारियों के निर्देशानुसार एवं भीमुन हेल्पलाइन के प्राप्त शिकायत के निराकरण के तहत आज अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाई की गई। कार्यवाई का परिक्षेत्र अधिकारी शशीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्राप्त शिकायत के आधार पर वन अधिकारियों द्वारा संयुक्त प्रयास 214 में छोटे से अवैध रूप से बनाए गए चार कुओं को चिह्नित किया गया। जांच के बाद वन विभाग की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी मशीन की सहायता से खेतों में अवैध रूप से खोदे गए सभी कुओं को मिट्टी से भरवाकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान वन विभाग के अमले ने मौके पर मौजूद ग्राम संगठनों के ग्रामीणों को समझाइश देते हुए बताया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण, निर्माण या गतिविधि करना कानूनन अपराध है। ग्रामीणों को चेतावनी में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कार्य नहीं करने की हिदायत दी गई। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वन भूमि की सुरक्षा और संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्यवाई आगे भी जारी रहेगी।

युद्ध के असरक्ष शहर में 90 से ज्यादा होटल और मैरिज गार्डन संचालकों को 4 दिन से नहीं मिल रहे हैं कमर्शियल सिलेंडर

4 दिन पहले तक एक दिन में 2500 सिलेंडर की बुकिंग, अब 5000

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर के अंदर एचपी और इंडेन कंपनी की 5 गैस एजेंसियों से 1.10 लाख उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। 4 दिन पहले तक रोजाना औसतन घरेलू एजेंसियों के जरिए करीब 2500 उपभोक्ता गैस सिलेंडर सिलिंडर लेकर के लिए बुकिंग कर रहे थे। अब रोजाना औसतन 5000 से ज्यादा उपभोक्ता अपनी बुकिंग करवा रहे हैं। दूसरी गैस एजेंसी के गैस एजेंसी वालों का कहना है एक 3 दिन में रसोई गैस की डिलीवरी करवा रहे हैं। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पिछले सोमवार से बाधित होने से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की बुकिंगें बढ़ गई हैं। शादी वाले घरों में भी रसोई गैस की किल्लत हो रही है। ईरान-इजराइल युद्ध के कारण ईंधन को लेकर अनिश्चितता है। गैस एजेंसी के संचालक विवेक सिंह ठाकुर ने बताया बुकिंग के लिए पहुंच रहे उपभोक्ता। कई ऐसे उपभोक्ता भी अब चिंतित के लिए बुकिंग कर रहे हैं जो महीनों से नहीं कर रहे थे। इसी वजह से बुकिंग बढ़ी है।

हर महीने 50 हजार सिलेंडर की होती है खपत

गैस एजेंसी संचालक अतुल शाह ने बताया कि पहले की तुलना में उपभोक्ता अब 30 से 50 प्रतिशत तक ज्यादा बुकिंग कर रहे हैं। इसमें रोजाना 1500 से ज्यादा रसोई गैस की डिलीवरी करवा रहे हैं। हर महीने 50 हजार तक सिलेंडर की खपत उठ रही है।

अभी बुकिंग के 3 दिन बाद इन डिलीवरी दे रहे हैं। स्टाक की कोई समस्या नहीं है। इस संबंध में गुरुवार शाम को एजेंसी संचालकों की एक बैठक एसडीएम ने बुलाकर हालात की समीक्षा की। वहीं पिछले सोमवार से शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी गई है। शहर में 90 से ज्यादा होटल और मैरिज गार्डन वालों को हर महीने 1000 सिलेंडर की सप्लाई होती है।

नटेरन परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका चयन की अनंतिम सूची जारी, 13 मार्च तक ऑनलाइन दर्ज कर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले में महिला एवं बाल विकास परियोजना नटेरन अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में ज्वाइंसपदन पोर्टल पर चैप्टर-2 के अंतर्गत विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसके तहत 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 11 आंगनवाड़ी सहायिका पदों पर चयन किया जाना प्रस्तावित है। रिक्त पदों के संबंध में विधिसम्मत स्थानीय समिति द्वारा पात्र आवेदनों की समीक्षा के पश्चात संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए केंद्रवार एवं पदवार अनंतिम चयन सूची 07 मार्च 2026 को ऑनलाइन जारी कर दी गई है। जारी की गई अनंतिम सूची पर ज्वाइंसपदन पोर्टल पर दर्ज करने की अंतिम तिथि 13 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी दावे एवं आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विमीला लोधा ने बताया कि संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों की अनंतिम सूची के संबंध में दावा-आपत्ति ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जा रहे हैं। सूची के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस त

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

चैत्र कृष्ण पक्ष 10, 2082

राजगढ, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

लेखा प्रशिक्षण सत्र एक से

राजगढ़। लेखा प्रशिक्षण सत्र भोपाल में नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से 30 जून तक चलेगा। भोपाल व नर्मदापुरम संभाग के जिलों के लिपिक वर्गीय राजपत्रित कर्मचारी 98 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नि... सचिवालय प्रमुख ... अभिप्रमणित के बाद तीन प्रतियों में जमा करना होगा। पात्र पाई कर्मचारी होने जिनकी परिवीक्षा अवधि पूरी हो चुकी है व सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण की हो या व नियमानुसार छूट प्राप्त हो।

छात्रवृत्ति रू आवेदन 15 तक

राजगढ़। अनुसूचित जाति पोस्ट व मैट्रिक व प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च तय की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग निशा जैन ने बताया कि सत्र 2022-23, 2023-24 2024-25 के नए व नवीनीकरण व आवेदन एनसीटीएएससी पोर्टल पर किए जा सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों से 30 तय समय सीमा में आवेदन दर्ज कराने को कहा गया है।

उत्कृष्ट स्कूल में सेना भर्ती को लेकर अग्निवीर संवाद

राजगढ़ (उत्कृष्ट विद्यालय में सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। मेजर जोगिंदर सिंह और एनसीसी छत्रसूबेदार विक्रमजीत ने युवाओं को अग्निवीर योजना के तहत सेना में शामिल होकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

महिला से मारपीट, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

कुरावर। शहर के स्टेनी मोहल्ले में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित पत्नी कुसुम शाक्यवार, निवासी स्टेनी मोहल्ला ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके जेठ का लड़का करण पुत्र तुलसीराम शाक्यवार आए दिन बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौच करता रहता है।

ब्रिज के पास किनारे मड्ढा और ढूब गेट बन सकता है हादसों की वजह

राजगढ़। राजगढ़ पालन रोड स्थित रेलवे ब्रिज के पास सड़क के बीच साइट स्क्रीन मड्ढा बना हुआ है। ब्रिज निर्माण के दौरान लगाए गए गेट की व्यवस्था नहीं होने से आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के समय वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं। रात ही बिजली की डीपी भी लगी हुई है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। जिम्मेदार विभाग से मांग है कि गड्ढे की तत्काल मरम्मत करें और गेट को ठीक कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाओं पर रोक लग सके।

सहकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

राजगढ़। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों और विक्रेता अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। कर्मचारियों ने समिति प्रबंधक के 60 प्रतिशत पदों पर प्रमोशन तथा विक्रेताओं का बढ़ा हुआ वेतन वितरण की मांग को लेकर यह हड़ताल की थी। इस संबंध में कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्टर ने पदाधिकारियों से वार्ता की। अपनी हड़ताल समाप्त कर दी।

जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय की थी महिला से छेड़छाड़ का आरोप, नहीं बना जाति प्रमाणपत्र

लग्जरी शौक पूरा करने युवाओं से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने के नाम पर भी करता था ठगी

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

भोलेभाले बेरोजगार युवाओं को आईएएस अधिकारियों से अच्छी पैरवी और संपर्कों का हवाला देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी बंटी उर्फ कृष्ण चतुर्भुज वर्मा निवासी बारछारी को लोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी बंटी ठगी से मिलने वाले रुपयों से अपने महंगे शौक पूरे करते हुए लग्जरी लाइफ जी रहा था। उसने इसी राशि से अनेकों महंगे घरेलू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य लग्जरी सामान खरीदे। पुलिस ने उन सामानों को भी जब्त कर लिया है।

अधिकांश मामलों में आरोपी बंटी नौकरी व पशुपालन पर लोन दिलाने का झांसा बेरोजगारों को दिया करता था। ऐसे सामने आया था

ऐसे आया मामला सामने

राजगढ़ के ही वार्ड-14 बारछारी निवासी सुनील पिता जिंदनारायण नागर एवं नानूराम पिता अमरलाल सुतार ने अपने साथ हुई उसी रकमी धोखाधड़ी पुलिस से की थी। पुलिस ने उस समय आवश्यक धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध करते हुए मामला जांच में लिया। विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी बंटी उर्फ कृष्ण मोहन पिता रतनलाल वर्मा निवासी बारछारी राजगढ़ लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि उसकी वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छी पहचान है और वह काम सहित अन्य विभागों में नौकरी लगवा सकता है। आरोपी बंटी ने इसी तरह के झांसे देकर बेरोजगारों से अलग-अलग समय पर करीब 30 लाख रुपए ठगे। कुछ राशि नकद तो कुछ खातों में ट्रांसफर करवाई।

कल्लन भवन में अच्छे संपर्कों का देता था हवाला

आरोपी पीड़ितों को कई बार भोपाल के कल्लन भवन लेकर जाता था और उन्हें बाहर बैठाकर यह कहता था कि अधिकारियों से बात हो गई है और जल्द ही नौकरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस प्रकार आरोपी इसी समय तक झूठे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह करता रहा। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा कुछ व्यक्तियों को साथियों के माध्यम से लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने का झांसा देकर भी उनसे रुपये लिये गये।

पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा

नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

बेरोजगार युवकों को बनाया निशाना

विवेचना से यह भी सामने आया कि आरोपी द्वारा मुख्य रूप से ग्रामीण रूप से कमजोर बेरोजगार युवकों को नौकरी व लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे रुपये प्राप्त किये गये।

पुलिस ने यह माल किया जब्त

पुलिस ने आरोपी के पास से 93 हजार रुपए नकद तथा लिए वहीं बैंक में 5 लाख 25 हजार रुपए के गोल्ड लोन पर होल्ड लगवाया। एक अन्य प्रकरण में 33 हजार नकद, सोने की अंगूठी, कान के टाप्स, उठेलरी के बिल जब्ती में लिए गए हैं। इसके साथ ही उसके घर से 2 एसी, 32 एलईडी, 01 वाशिंग मशीन, कूलर, फ्रीज सहित अन्य सामान जब्ती में लिया।

पिपली बाजार मंदिर में देर रात चोर की घुसपैठ,सीसीटीवी में कैद

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर स्थित पिपली बाजार के श्री संतोषीमाता मंदिर में बुधवार देर रात चोरी हुई। एक अज्ञात युवक मंदिर में घुसकर सिक्योरिटी के पास से पीतल का त्रिशूल और शेरनाल चुरा ले गया। यह पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, रात 1 बजकर 24 मिनट पर एक व्यक्ति मंदिर के बाहर पहुंचा और कुछ देर तक रेकी करता रहा। करीब 1 बजकर 25 मिनट पर उसने मंदिर का गेट खोला और बिना चप्पल उतारे सीधे अंदर चला गया। वह सीधे सिक्योरिटी के पास पहुंचा और वहां से पीतल का त्रिशूल और शेरनाल उठा लिया।

चोरी करने के बाद भी व्यक्ति कुछ देर तक मंदिर के अंदर अन्य सामान की तलाश करता रहा। उसने पास स्थित शनिदेव मंदिर का ताला भी देखा, लेकिन वह बंद था, इसलिए अंदर नहीं जा सका। करीब 1 बजकर 28 मिनट पर वह मंदिर से बाहर निकला और त्रिशूल व शेरनाल लेकर फरार हो गया। आरोपी लगभग चार मिनट तक मंदिर के भीतर रहा।

घटना से मंदिर समिति में नाराजगी

मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, चोर ने कुर्ता-पायजामा और स्लीपर पहन रखा था। इस घटना से मंदिर समिति में नाराजगी है। समिति ने बताया कि कुछ समय पहले चांदी के आभूषणों की बढ़ती कीमतों के कारण उन्हें मंदिर से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा दिया गया था, जिससे बड़ा आर्थिक नुकसान होने से बच गया।

यह मंदिर बाजार क्षेत्र के बीचों-बीच स्थित होने के कारण स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। फिलहाल मंदिर समिति के द्वारा पुलिस आवेदन नहीं दिया गया है।

श्याम मित्र मंडल की बैठक में हंगामा, व्यापारियों के बीच चले लात घूंसे

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

भोपाल बायपास इंदौर रोड पर स्थित सुरभान होटल में बीती रात श्याम मित्र मंडल की बैठक बीती रात सुरभान होटल में रही थी। जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक शहर के व्यापारी एवं आमजन उपस्थित थे। इसी दौरान सोना चांदी व्यवसायी सुभाष अग्रवाल का सोनू सांठेडिया और अशोक सोन से विवाद हो गया। सोनू सांठेडिया व्यापारी है, उसी आरोप का दावा में प्रतिष्ठित पेट्रोल पंप संचालक है। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पहले सुभाष अग्रवाल किसी बात पर गुस्सा हुए और अशोक और सोनू सांठेडिया की टेबल पर पहुंचकर मारपीट शुरू की। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने मिलकर सुभाष को पीटना शुरू कर दिया। पीटते-पीटते जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसे से मारपीट की। जिससे सुभाष की आंख के आसपास काफी चोट आई है। बाद में दोनों पक्ष मारपीट करते हुए होटल के बाहर तक चले गए।

लड़की वाला कोई मामला नहीं, होटल में बैठक थी

लड़की वाला कोई मामला नहीं है। जिस होटल में मीटिंग थी, वहां 25 लोग थे, किसी से भी पूछ सकते हैं। सुभाष की से लड़ाई झगड़ा करता है हमारी बहस से समिति ने सब उसे बाहर करने का निर्णय लिया है। हमारी संस्था की 3 बैठकें हुई हैं, किसमें से 2 बार सुभाष ने किसी न किसी से लड़ाई की है।

शासकीय कन्या उमावि में 68.22 लाख से बनेगा प्रयोगशाला कक्ष

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

नरसिंहगढ़ शासकीय कन्या उमावि में छात्राओं को बेहतर वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 68.22 लाख रुपये की लागत से प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण से छात्राओं को विज्ञान विषय की पढ़ाई में विशेष सुविधा मिलेगी।

विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्राओं ने विभिन्न मैजानिक मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को प्रस्तुत किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की।

गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर की जाएगी

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।

जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित सोलानी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी की अमीत मिश्र द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों से विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान घरेलू एवं व्यावसायिक गैस कनेक्शन, गैस सिलिंडरों की स्थिति, गैस आपूर्ति में

सिलेंडरों के स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसीज एवं एजेंसीओपी को दी गई है। साथ ही कहा कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस के प्रसार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पीएम गैस एजेंसी से जिले में पीएनजी कनेक्शन की सम्भव संख्या से संबंध में जानकारी ली एवं कनेक्शनों की सम्भव संख्या पर नाराजगी जाहिर की।

दुकानों पर इकोमार्क न हो परिणु गैस एजेंसी की लापरवाही से गैस कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

जमीन विवाद की आग में बुझ गई 2 साल के

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

जमीन विवाद में हत्या-आरोप-जमीन पर कब्जे से मासूम की मौत, पुलिस ने 34 घंटे बाद जमीन खोदकर निकाला शव देहात थानाक्षेत्र खाखरा खाखला कॉलोनी में जमीन विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना के दौरान 2 साल के मासूम की जमीन चोट आई। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 9-10 मार्च की रात

मृत बच्चे का पुराना फाइल फोटो

उसकी मौत हो गई

पीएम हाउस के बाहर खड़े परिजन।

परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव गांव में दफना दिया। जब पुलिस जांच के लिए पहुंची तो मामले की जानकारी लगी। इसके बाद एसडीएम से अनुमति लेकर तहसीलदार की मौजूदगी में 34 घंटे बाद जमीन खोदकर शव को बाहर निकाला गया। मृत बच्चे का पुरुषार्थ को मेडिकल विभिकेसवों द्वारा पीएम किया गया। देहात पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल यशवंत जाटव और प्रेम सिंह जाटव खाखरा खाखला कॉलोनी के निवासी है। दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

9 मार्च कोयशवंत जाटव की पत्नी राधा बाई और 2 साल के बेटे हर्ष के साथ खेत पर गया था। वहां से लौटते समय उसका सामना प्रेम सिंह जाटव, उसकी पत्नी लक्ष्मी और प्रीति जाटव से हो गया। दोनों पक्षों में झगड़ा जाटव की मारपीट में बदल गई।

सड़क हादसा बुधवार रात 12:30 बजे की घटना सड़क पार करते समय हुआ हादसा

दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चालक मौके से फरार

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शहर के गुना बायपास पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में राम कॉलोनी निवासी युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात फिक्कन वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह बता दें, सांवाडोडी निवासी 40 वर्षीय जनता पुत्र विनोद सिंह बुधवार देर रात ब्यावरा से अपने गांव सांवाडोडी की ओर पैदल जा रहा था। रात करीब 12:30 बजे जब वह गुना बायपास पर हाईवे पार कर रहा था, उसी समय तेज

10 फीट दूर उछलकर गिरा, सिर में गंभीर चोट से हुई मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार रात में ब्यावरा से अपने गांव सांवाडोडी जा रहा था। हाईवे पार करते समय सामने से आ रही अज्ञात फिक्कन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक करीब 10 फीट दूर सड़क पर उछलकर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से वह बुरी तरह घायल हो गया।

लगभग आधे घंटे बाद पुलिस टीम उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

5 साल में 3000 सड़क हादसे, 1000 लोगों की मौत

ब्यावरा बीएसा क्षेत्र एक जंक्शन के रूप में काम करता है। यहां से इंदौर, भोपाल, गुना और राजगढ़ के लिए हाईवे निकलते हैं। चारों ओर से जुड़े हाईवे होने के कारण यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। 2021 से 2025 तक पांच वर्षों में करीब 3000

मृतक की दो बेटियां, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

परिजनों के अनुसार कन्हा खादव ब्यावरा में न्यायालय ट्रेजरी के रूप में ट्रेजरी का व्यवसाय चलाता था और स्वयं वाहन चलाकर किराना का माल-पोकन करता था। उसकी दो बेटियां हैं। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई। गुरुवार को अंतिम संस्कार किया।

बोड़ा थाना क्षेत्र के ढाबला गांव में हुआ हादसा, पानी फेरते समय हादसा

करंट ने उजाड़ दिए दो घर , खेत में भाई को लगा करंट, बचाने दौड़ा चचेरा भाई, दोनों की हुई मौत

डीआर संवाददाता ✍ पचोर

बोड़ा थाना क्षेत्र के ढाबला गांव में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। खेत में सिंचाई करते समय करंट लगने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे कमल सिंह अपने खेत में पानी फेर रहे थे।

इसी दौरान अचानक उनकी बिजली का करंट लग गया और वे खेत में ही गिर पड़े। पास ही खेत में श्रम कर रहे उनके सगे भाई देवीसिंह ने जब यह देखा तो वे उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन करंट की चपेट में आकर वे भी गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद

आसपास मौजूद

बिजली आने के बाद मोटर देखने गए, हुआ हादसा

ग्रामीणों के मुताबिक बिजली सप्लाई बंद करवाई और दोनों को शासकीय अस्पताल पचोर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक कमल सिंह, देवीसिंह के चाचा का बेटा था। देवीसिंह के एक लड़का देखने पहुंचे और करंट की चपेट में आ गए। उल्लेखनीय है कि पांच दिन पहले ही ग्राम पंचायत ने बिजली विभाग को आवेदन देकर किसानों को सुबह 5 से 11 बजे तक नियमित बिजली आपूर्ति देने की मांग की थी, लेकिन अभी तक समस्या को सुधार नहीं किया गया था।

बेटा है, जबकि कमल सिंह की अभी शादी नहीं हुई थी और वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा बनाकर आवश्यक कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।